Now, take the case of an Engineering student. The Government spends about Rs. 50,000 in training an engineering student. After getting training engineers find themselves unemployed within the country, then they get frustrated and ultimately they would try to leave the country. In this process, we are losing many talents of our country. Now , because of the serious unemployment situation, many of our youth are subjected to exploitation.

I would like to quote one example of casual labourers in the Indian Railways. Some of the casual workers have been there for more than 15 to 20 years, but their services have not been regularised. They are made to remain temporary, and their services can be terminated at any point of time. Recently, there was a case before the Supreme Court. One Mr. D' Souza had been serving the Indian Railways for 20 to 25 years, but his services were terminated without assigning any reason. The Supreme Court gave a verdict that his services should not have been terminated and such a thing should not happen in the case of such employyees, and that he should be reinstated. Perhaps, he has been reinstated; I do not know the exact position.

Such thing have been happening to many people throughout the country and we have been raising this point here time and again. The hon. Railway Minister had assured us that persons who had been working for several years in temporary capacity would be regularised. I would request the hon. Labour Minister to see that the employees in the Indian Railways are not victimised like this.

I would now take up the case of agricultural labourers. Their condition is very bad; they are not getting minimum wages. I would not like to say more, my hon. friend, Shri Ram Vilas Paswan would throw more light on it when he

speaks. Six farm labourers were killed in firing in Bihar, when they demanded minimum wages. They meet with such a fate if they raise their demand.

श्री कृष्ण प्रताप सिंह (महाराजगंज) : आप कितना देते है ?

श्री हरिकेश बहादुर : हम तो ऐसी लेबर रखते ही नहीं और बोंडेड लेबर की हालत आप जानते है, हमसे क्यों पूछ रहे हैं।

Police in collusion with big landholders are perpetrating such crimes, and the Government is completely ineffective to check such happenings. It is not only in Bihar, but elsewhere also.

So far as industrial labour is concerned, their condition is slightly better, but they are also subjected to harassment. I can quote the example of employes of the public sector undertakings in Bangalore, who had been agitanting when their demands were not properly met and their grievances were not redressed.

I would now like to say a few words about the employees of Provident Fund Department; the hon. Dy. Minister has also spoken just now about them. There is one Central Board of Trustees. There had been suggestions that Section 5 of the EPF Act of 1952 should be amended so that this body could be made more autonomus, but no steps have been taken in that direction. The hon. Dy. Minister did not say any thing about that. I think, the hon. Minister will say something when the replies to the debate. Actually they had asked for many things, and some of their demands were met also. As I said, there is one body, known as CBT, Central Board of Trustees and there is one Fakir Chand Committee. Both these bodies had unanimously recommended for increase in salary, bonus, medical and convenance allowances etc. for the employees. One point Secretary Finance is also on that Board. He accepted all the demands in the various meetings of the CBT and the Fakir Chand Committee, but when that comes to the Finance Ministry he takes a different posture, all and the suggestions and resolutions of the Board and Committee get fully frustrated. I would request the hon. Minister to see to this aspect of the matter.

Now, a few about the employees of the National Herald. They are subjected to all kinds of harassment. I had raised this issue in the earlier Parliament also. Since August, 1982, for no month they have been properly paid their salaries. You can verify this and will find it correct. Payment of bonus also does not take place properly. Not more than 50% of the bonus due for the last year had been given to the employees.

15.55 hrs.

[SHRI HARINATHA MISHRA *in the Chair*]

Palekar Award also is not being implemented by the National Herald. ESI and Provident Fund Act regulations and laws are not being properly implemented there. The contributions dedcuted from the salaries of the employes are not being properly deposited and the payment of gratuity also does not take place properly. Several employees have reitered, but gratuity is not paid to them even now, if the Hon. Minister verifies all these, he will find many things. That is why I request the Hon. Minister to look into all these problems of the employees of the National Herald, which is very much a paper of the Ruling Party. That is why I request him to reddress the grievance of all the employees and try to solve the problem of the working class throughout the country.

AN HON. MEMBER : What about the Indian Express ?

SHRI HARIKESH BAHADUR : Indian Express is all right. You should speak about them.

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : सभापति महोदय, अभी हमारे दोस्त हरिकेश बहादुर जी ने जो बात कहीं मैं पहले उनका समर्थन करता हू।

मंत्री जी अभी बता रहे थे और उन्होंने दो तीन प्वाइंट्स के सम्बन्ध में सदन का ध्यान खींचा । एक उन्होंने कर्मचारी राज्य बीमा योजना के, ई० एस० आई० के संबंध में बताया । जहां तक मुझ को जानकारी है और जो आपकी रिपोर्ट के द्वारा मैंने हासिल की है कि आपके 421 सेन्टर्स में हास्पिटल्स हैं और उनमें आप 63.62 लाख कर्मचारियों की सेवा करते हैं । सेन्ट्रल गवर्नमेंट अण्डरटेकिंग्स के यहां से

8.41 करोड़ रुपये और प्राइवेट अण्डर-टेकिंग्स के यहां से 328.3 करोड़ रुपये आप कर्मचारियों से ले लेते हैं लेकिन जब मेनेजमेंट या एम्प्लायर द्वारा उस पैसे को जमा करने की बात आती है तो फिर वह पैसा जमा क्यों नहीं होता है । 8.41 करोड़ रुपया और 328.3 करोड़ रुपया दोनों मिल कर कितना पैसा हो जाता है और इस से एम्प्लाईज को कितनी मेडिकल फेसिलिटीज मिल सकती हैं लेकिन उन फेसिलिटीज से एम्प्लाईज वंचित रह रहे हैं । मंत्री महोदय बतायेंगे कि क्या यह एक्ट का वायोलेशन है या नहीं ? अगर है तो सरकार इसके बारे में क्या कार्यवाही कर रही है ।

दूसरे आपने एम्प्लाईज प्राविडट फंड के सम्बन्ध में कहा । वह भी आपकी रिपोर्ट से जाहिर है कि 281.9 करोड़ रुपया एम्प्लायर्स की तरफ बकाया है । एक तरफ तो आप मजदूरों से और एम्प्लाईज से ले लेते हैं और जब उसे एम्प्लाईज को देने की बात आती है तो वह सारा का सारा मामला एम्प्लायर की पाकिट में होता है, उस से वह निकल नहीं पाता है ।

कोर्ट के सम्बन्ध में, न्यायालय के सम्बन्ध में भी बताया गया । पांच-छः दिन पहले मैंने देखा कि दिल्ली में ही एक पार्टी के खाते में 4,460 केस लेबर कोर्ट्स में पेंडिग हैं । इनमें कुछ केसिज ऐसे हैं जो 9 साल से पेंडिग हैं : रेड्डी साहब आप जानते हैं कि अगर किसी लेबर कोर्ट में किसी का मामला पेंडिग होता है तो वह नौकरी नहीं कर सकता है । अगर वह करेगा तो उसका केस खत्म हो जाएगा । इस तरह से एक मजदूर को इतने दिनों तक बेरोजगार और भूखा रखना कहां का न्याय है ? जैसी कि कहावत है कि जस्टसि डिलेड इज जस्टिश डिनाइड । इसलिए मैं आप से आग्रह करूंगा कि जो जनरल कोर्ट्स हैं उनमें ऐसे केसिज का फैसला होने में काफी समय लगता है । जिस तरह से हमारी हाई कोर्ट्स है, सुप्रीम कोर्ट है क्या सरकार इसी लेवल की इंडस्ट्रियल कोर्ट्स या ट्रिब्युनल्स का निर्माण नहीं कर सकती जिससे कि पेंडिग केसिज का जल्दी से जल्दी निबटारा हो सके । इसलिए मेरा आप से आग्रह है कि आप इस पर कदम उठाएं क्योंकि जैसा मैंने कहा जस्टिश डिलेड इज जस्टिश डिनाइड । फैसला जल्दी हो जाए अब चाहे वह उसके पक्ष, में हो या विपक्ष में हो ।

अभी मेरे साथी बेरोजगारी के संबंध में बोल रहे थे । यह आपका 1981–82 का रिपोर्ट है । इस हिन्दी रिपोर्ट का पेज 55 आप देखें । इस में जनवरी 81 से ले कर अक्तूबर 81 तक ।

16.00 hrs.

एप्लायमेंट एक्सचेंजों में नाम दर्ज कराए हैं 49 लाख 76 हजार करीब लोगों ने और रोजगार मिला 4 लाख 11 हजार लोगों को । अगर यही रफ्तार रही, यह हालत रही तो देश की क्या स्थिति होगी । आपने अपनी रिपोर्ट में ठीक ही कहा है कि छठी पंचवर्षीय योजना के समाप्त होते-होते 4 करोड़ लोग बेकार हो जायेंगे । क्या स्थिति होगी ? बेरोजगारी की फौज क्या करेगी, यह विचारणीय प्रश्न है ।

श्रीमती प्रमिला दण्डवते (बम्बई उत्तर मध्य) युवा कांग्रेस में जाएगी ।

श्री राम विलास पासवान : तब तक वह समाप्त हो जाएगी, बूढ़ी कांग्रेस बन जाएगी ।

[श्री रामविलास पासवान]

इसी प्रकार मैट्रिक से लेकर एम० ए० तक 90 लाख लोग हैं और बिना पढ़े लिखे नौजवान। 1 करोड़ 74 लाख 24 हजार बेरोजगार हैं । जनवरी से अक्तूबर तक आंकड़े दिये हैं। और यह तो सर्वेक्षण की कार्यवाही एंप्लायमेंट एक्सचजों के जरिए होती है और उसमें कितनी धांधली होती है यह किसी से छिपी नहीं है वहां पर सीधा रुपये का खेल होता है । जिसका सोर्स नहीं होता, उसका पहले तो नाम ही दर्ज नहीं होता और दर्ज हो भी जाएगा तो जिंदगी भर काल नहीं दिया जाता ।

श्री मूलचन्द डागा (पाली) : रुपये का खेल कहां नहीं है ?

श्री राम विलास पासवान : लेकिन आज लेबर मिनिस्ट्री पर चर्चा हो रही है, इसलिए उसी के बारे में कहना है ।

इसी प्रकार अनुसूचित जाति-जनजाति की चर्चा भी की गई है । आपने अनुसूचित जाति के 16.61 लाख लोगों के नाम दर्ज किए हैं और 1980 में 18.15 लाख हैं, अनुसूचित जन जाति के 4 लाख हैं और 1980 में 4.76 लाख लोग हैं, लेकिन जब नियुक्ति का मामला आएगा तो उस समय कह दिया जाएगा कि उम्मीदवार उपलब्ध नहीं है । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आपके यहां जो इतनी बेरोजगारी बढ़ रही है, इसका क्या होगा ।

कोई भी सरकार सब को सरकारी नौकरी नहीं दे सकती, लेकिन हमने एक व्यवस्था की थी ।

श्री गिरधारी लालव यास (भील वाड़ा) : आपने तो अव्यवस्था की थी ।

श्री राम विलास पासवान : हम लोगों ने सरकार जिनको नौकरी नहीं दे सकती तो उनको काटेज इंडस्ट्रीज में, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज में लागने की कोशिश की । लेकिन आपने जो आंकड़े दिये हैं, उनके अनुसार 50 लाख लोगों ने नाम दर्ज कराए और 4 लाख लोगों को रोजगार दिया गया । इस प्रकार 46 लाख बेरोजगार हुए । इसलिए मैं माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं , क्योंकि भले ही श्रम विभाग को कम महत्व दिया जाता हो, लेकिन यही एक विभाग है जो इस समस्या की रीढ़ है । इसलिए जब तक इस समय पर गंभीरता से विचार नहीं करेंगे और देश की जनता को बतलाएंगे नहीं कि बेरोजगारों के लिए क्या व्यवस्था करने जा रहे हैं, तब तक जनता संतुष्ट नहीं होगी । एंप्लायमेंट में इससे चौगुने नाम दर्ज होकर आ जायेंगे और जब इतने लोगों को काम नहीं मिलेगा तो यह बेरोजगारों की फौज किसी भी सरकार को चलने नहीं देगी । आज कानून-व्यवस्था की स्थिति जो उत्पन्न हो रही है, उसकी तह में भी एक सब से बड़ा कारण बेरोजगारी की समस्या ही है ।

बांडेड लेबर के संबंध में यहां काफी चर्चा हुई । एक तरफ तो कहा जाता है है कि बांडेड लेबर है ही नहीं और दूसरी तरफ रोज बांडेड लेबर निकल रहे हैं । अभी मैं मध्य प्रदेश गया था, 2 दिन पहले हरयाणा में गया था, वहां देख लीजिए जितना एग्रीकल्चरल लेबरर है वह सब बिहार और यू० पी० से जा रहा है । उसको वहां बांडेड लेबर के रूप में बनाया जा रहा है । ऐसे हजारों करोड़ों लोगों को बांडेड लेबर का काम चल रहा है, क्या आपने कभी यह देखने की कोशिश की है कि जो मजदूर वहां काम करते हैं, क्या उनको कभी ओवरटाइम मिलता है,

क्या उनसे काम करवाया जाता है, कितने किस्म का काम करवाया जाता है, कितने घंटे करवाया जाता है ? क्या उस मजदूर की स्थिति बांडेड लेबर के समान नहीं है ? उसके लिए कहीं कोई रहने-सोने के स्थान की व्यवस्था नहीं है । उसका इतना एक्सप्लायटेशन हो रहा है कि हद से ज्यादा, उसकी कोई सीमा नहीं है ।

एक तो बांडेड लेबर का सर्वेक्षण नहीं किया गया है, मंत्री महोदय ने कहा है कि वे चिन्तत हैं दूसरी जो अन-बांडेड लेबर पैदा हो रही है, जिससे लेबर का काम लिया जाता है, उसके सम्बन्ध में भी सरकार को सोचना चाहिये ।

मैं मंत्री महोदय का ध्यान एक और तरफ भी खींचना चाहूंगा । सागर में मध्य प्रदेश में मंत्री महोदय के बगल में संथाल परगना है जहां कि बीड़ी-मजदूरों की समस्या बहुत भंयकर है । वह अपने आप में एक काटेज इंडस्ट्री है, छोटा उद्योग है । हजारों लाखों लोग इस बीड़ी उद्योग में लगे हुए हैं, लेकिन उनका किस तरह से शोषण हो रहा है इस तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिये । सबसे पहली बात यह होती है कि उसको मजदूरी नहीं दी जाती है । दी भी जाएगी तो 3, 4 रुपये दी जायेगी । अभी मजदूरी बहुत जगहों में रुपये के बदले में सड़ा हुआ अनाज देकर दी जाती है, नतीजा क्या होता है कि टी० बी० के पेलेन्ट वह लोग हो जाते हैं ।

मुझे कल ही पता लगा कि मजदूरों को जो पत्ता दिया जाता है, उसमें 1,000 बीड़ी बनाने में 12 घंटे लगते हैं । उसको खराब पत्ता दिया जाता है, लेकिन उससे बीड़ी बनेगी तो 1000 तक ही बनेगी । उसको पत्ता कम दिया जाता है और जर्दा भी कम दिया जाता है लेकिन उससे बीड़ो पूरी ली जायेगी । जब वह बनाकर लायेगा तो उसमें बीड़ी को छांटा जायेगा । उसकी छांट कौन करेगा वह मालिका का स रबरदार रहता है और उसको पहले से ही कह दिया जाता है कि 200 बीड़ी की छटैय्या कर देनी है । इस तरह से 1000 में से 800 बीड़ी रह जाती है, 200 बीड़ी छांट दी जाती है । वह 200 भी उसको वापिस नहीं की जाती है मालिक अपने पास रख लेते हैं और उसको कह दिया जाता है कि तुम्हारी 200 बीड़ी खराब हैं इसलिए इसका पैसा नहीं मिलेगा । काटने के बाद उसको कुछ नहीं मिलता है । है । मैं मंत्री महोदय से आग्रह करूंगा कि बीड़ी उद्योग में जहां लाखों गरीब लगे हुए हैं इसका राष्ट्रीयकरण करने में सरकार को क्या दिक्कत है ? सरकार को निश्चित रूप से इसका राष्ट्रीयकरण करना चाहिये ।

बाम्बे टैक्सटाइल के संबंध में श्रीमती प्रमिला दंडवते जी बोलेंगी । वहां 4 करोड़ प्रतिदिन का घाटा जा रहा है, टैक्सटाइल बन्द है । उसके सम्बन्ध में सरकार ने अभी तक कोई नीति साफ नहीं बताई है । उसका पार्लियामेंट में भी डिस्कशन हुआ, लेकिन नतीजा कुछ नहीं हुआ ।

इंडस्ट्रियल रिलेशन उद्योग में इंड-स्ट्रियल रिलेशन बिटविन इम्पलायर एंड एप्लाई, मैनेजमेंट और मजदूर के बीच में सम्बन्ध सुधरे हैं, ऐसा कहा गया है । आपके मजदूरों और मिल के बीच में सम्बन्ध जब सुधरे हैं तो एसेन्शियल सर्विसेज एक्ट क्यों लाया गया ? नेशनल सिक्योरिटी एक्ट के तहत उनको क्यों परेशान किया जाता है ?

[श्री राम विलास पासवान]

आपने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 1980–81 में 2.20 करोड़ मैन-डेज लास हुआ है । आपसे यहां नेशनल पालिसी, वेज पालिसी नहीं है आपने 1982-83 को उत्पादन का वर्ष डिक्लेयर कर दिया है, लेकिन यह कैसे होगा ?

मेरी समझ में तो 1982–83 के बाद जो लेबर अनरेस्ट ईअर शुरूआत होने जा रहा है, इसमें सबसे ज्यादा मजदूर तबाह होगा, ज्यादा भयानक रूप से उग्र होगा और आपका उत्पादकता वर्ष का जो निर्णय है, वह समाप्त हो जायेगा ।

वेजेज बोर्ड में कौन लोग हैं ।

श्री धर्मवीर : आपने यही तय कर रखा है तो यही होगा ।

सभापति महोदय : रामविलास जी अब आप समाप्त करें ।

श्री राम विलास पासवान : मैं तो सोच रहा था कि आप घंटी बजायेंगे ।

सभापति महोदय : साधारणतया : थे नाम लेता हूं, जब समय बहुत हो जाता है ।

श्री राम विलास पासवान : मैं अभी समाप्त करता हूं ।

अभी हमारे साथी ने पालेकर अवार्ड के संबंध में कहा ।

पालेकर एवार्ड अभी तक पूर्ण रूपेण कहीं भी लागू नहीं हुआ है, व्यावहारिक रूप से उसका इम्प्लीमेंटेशन नहीं हुआ है । नेशनल हैरेल्ड और कई एजेन्सीज में वेतन चार पांच महीने से बकाया है, बोनस तीन वर्ष से बकाया है । पालेकर ने अनुशंसा की थी कि जिला और डिवीजन के स्तर के पत्रकारों को वेतन का एक-तिहाई मिलना चाहिए था । सरकार ने उसके सम्बन्ध में कोई नीति नहीं बनाई है ।

अंत में मैं यह कहना चाहता हूं कि संविधान में दिए गए फंडामेंटल राइट्स के मुताबिक बोलने की आजादी है, यूनियन बनाने की आजादी है । क्या उस आजादी को एसेंशल सार्विसिज (मेन-टेनेंस) एक्ट और नेशनल सिक्युरिटी एक्ट के तहत छीन नहीं लिया गया है ? मेरे पास पेपर का कटिंग है । सरकार द्वारा 16 एसेंशल सर्विसिज के नाम गिनाए गए हैं, लेकिन आखिर में यह जोड़ दिया गया है कि इसके अलावा जो भी लोक महत्व की सर्विसिज हों । इसका मतलब यह है कि सब सर्विसिज इसके अन्तर्गत आ जाती है । मैं कहना चाहता हूं कि ये दोनों कानून सरकार पर, देश पर और संविधान पर सब से बड़े कलंक हैं । मैं मंत्री महोदय से आग्रह करूंगा कि वह इन कानूनों को वापस लेकर मजदूरों का जो अनरेस्ट ईअर आने वाला है, उसको वह रेस्ट दें ।

इन शब्दों के साथ मैं मांगों का विरोध करता हूं ।

श्री कुंवर राम (नवादा) : सभापति महोदय, श्रम मंत्रालय के अनुदानों की मांगों पर चर्चा करते हुए अभी कई माननीय सदस्यों ने मंत्रालय की त्रुटियों की तरफ ध्यान आकर्षित किया है । मैं समझता हूं कि मंत्री महोदय और मंत्रालय को उससे अपने आप को चैतन्य करना चाहिए । इसमें कोई शक नहीं कि जितने भी माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं, उन सभी ने यह मान लिया है कि यह उत्पादकता का वर्ष है और इसका सम्बन्ध सीधे श्रम से होता

है । जब से प्रधान मंत्री, श्रीमती इंदिरा गांधी , ने उत्पादकता वर्ष का आह्वान किया, तभी से सब के दिमाग में यह बात है कि यह वर्ष श्रमिकों से ही सम्बद्ध है और अगर इस देश को इसका फलाफल मिलना है, तो वह श्रमिकों के माध्यम से ही मिल सकता है, चाहे वे इंडस्ट्री में काम करते हों और चाहे खेतों में ।

मंत्रालय की रिपोर्ट में जो मुख्य मुद्दे उठाए गए हैं, वे हैं औद्योगिक सम्बन्ध, सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम मजदूरी का है, श्रम शिक्षा का है, श्रमिक कल्याण का है, बाल श्रम का है, श्रमजीवी पत्रकार का है । कलकारखाने का है, खेतों में काम करने वालों का है । लेकिन जब मैं उसको देखता हूं तो मुझे कुछ क्षोभ भी होता है कि संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये इन्होंने एक अच्छा खाका खींचा है । 33 वर्ष हुए आजाद हुए और संगठित मजदूर हैं उनके लिये एक अच्छा खाका तैयार किया है, उनके लिये व्यवस्था भी करते चले जा रहे हैं और उनकी बेहतरी के लिये भी काम कर रहे हैं । और इनके अनुदान मांगने का जो एक सिलसिला है और उस पर जो आपकी विवेचना है उसके आधार पर यह पता चलता है । लेकिन बहुत खेद लगता है कि श्रम मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में कृषक मजदूरों के सम्बन्ध में, जो अभी तक प्रगति का सवाल उठाया है, प्रगति का जो दर्शन दिया है, उसको देखने से यह पता चलता है कि अभी भी लगता है कि पता नहीं 50 वर्ष और लगेंगे इस हुकूमत को खेतिहर मजदूरों की दशा को सुधारने में । अभी तक यह रास्ता तय नहीं कर सके हैं । केवल इतना ही फैसला कर सके हैं कि हर ब्लाक में आप एक आनरेरी आर्गेनाइजर देने जा रहे हैं । आनरेरी आर्गेनाइजर की बात इतने साल बाद आयी है और अब देने जा रहे है ...

सभापति महोदय : माननीय कुंवर राम जी समय बहुत कम है और मंत्री जी जवाव देना चाहते हैं ।

श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव : (मधपुरा): सभापति जी, समय को थोड़ा वढ़ाया जा सकता है ।

सभापति महोदय : मैं नहीं जानता । मंत्री महोदय जानत हैं ।

श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव : मंत्री महोदय को कोई एतराज नहीं है । इसलिये आधा घंटे का समय आप बढ़ा सकते हैं । सब पार्टियों के एक एक सदस्य तो बोलेंगे ।

श्री मूल चन्द डागा : मंत्री जी में बड़ी क्षमता है और आपकी भूमि के हैं ।

सभापति महोदय : आप संक्षेप में कहिये ।

श्री कुंवर राम : अगर मंत्रालय को, इतने बड़े सैट अप के दिमाग में यह बात नहीं आती हो एिक खेतिहर मजदूरों के भविष्य को कैसे ठीक कर सकें, तो मैं एक सुझाव देता हूं, अपने ऐक्सपर्टस को आप बैठायें जो उस पर विचार करें । आज तक इनके बड़े बड़े ऐक्सपर्टस रास्ता नहीं निकाल सके, और 33 वर्ष में पहाड़ को खोदा चुहिया निकली वाली मसल चरितार्थ होती है । हर ब्लाक में एक आनरेरी आर्गेनाइजर को नियुक्त करने जा रहे हैं जो असंगठित मजदूरों को संगठित करेंगे । इस संदर्भ में मैं यह सुझाव दे रहा हूं, मजदूरों के हित के लिये थोड़ी सी भूमिका में आप जायेंगे. . .

सभापति महोदय : मैंने शुरू में आप से कहा था, 10 मिनट आपके हो गये

[सभापति महोदय]

उसके बाद और भी बोलने वाले हैं और मंत्री जी जबाब देने वाले हैं । कृपया आप संक्षेप में बोलें ।

श्री कुंवर राम : आजादी मिली तो पंडित नेहरू ने नारा दिया औद्योगिक क्रान्ति का । जब उसके बाद लाल बहादुर शास्त्री जी आये तो उन्होंने "जय जवान जय किसान" का नारा दिया और जब श्रीमती इन्दिरा गांधी आयी तो उन्होंने नारा दिया "गरीबी हटाओ और समाजवाद लाओ" । इस नारे ने कुछ लोगों को तकलीफ भी दी, तो 1977 में एक परिवर्तन आया, कुछ संघर्ष लोगों ने किया ... कुछ बड़े-बड़े लोगों का राहत थी । हरित-क्रान्ति का सवाल उठा, समाजवाद और ग़रीबी हटाओ की बात चली तो उस से प्रतिक्रियावादियों को बहुत तकलीफ होने लगी । उस परिवेश में जो लोगों को तकलीफ हुई, तो 1977 में लोगों ने संघर्ष छेड़ दिया और श्रीमती इंदिरा गांधी को पद से हटा दिया । सभापति जी, आप घण्टी बजाते जा रहे हैं, आप थोड़ा रहम कीजिए ।

सभापति महोदय : रहम की कोई कमी नहीं है । यहां पर जो बैठता है, वही असली कठिनाई को जानता है ।

श्री कुंवर राम : अब मैं मजदूरों का सवाल रख रहा हूं । जितनी क्रान्ति इस मुल्क में आई, उससे उन ग़रीबों को कभी भी कोई लाभ नहीं मिला । हम 33 वर्ष की आजादी में उनको अभी तक संगठित नहीं कर सकते हैं । इसलिए इस सम्बन्ध में मैं सुझाव देना चाहता हूं । आप हर प्रखण्ड में दो पदाधिकारी रखिए—एक राजस्व के लिए और दूसरा विकास के लिए । विकास से और राजस्व से जो गांव में प्रभावित लोग हैं, उनको फायदा होता है, जो बीच के लोग होते हैं, उनको न तो राजस्व से फायदा होता है और न ही विकास से । उसकी झोपड़ी में आज भी एक इंट नहीं लगी हुई है । जिसके पास साधन है, पैसा है, वही उसका उपयोग करता है । कितनी बड़ी क्रान्ति की बात की जाती है, श्रीमती इंदिरा गांधी ने ग़रीबी हटाओ का नारा दिया, जो गांव में रहने वाले थे, उसको विफल बनाने का प्रयास किया । मैं यह कहना चाहता हूं कि दोनों के बीच में एक श्रम पदाधिकारी को देने की जरूरत है । वही सैटअप जो राजस्व में कर रखा है और आज वही विकास के लिए कर रखा है, अगर ऐसी व्यवस्था करेंगे तो मुझे यह कहने की जरूरत नहीं थी कि आपके एक्सपर्ट ने अपनी रिपोर्ट में कभी भी इस चीज़ को नहीं दर्शाया है । जैसा मैंने कहा है, उसको करने से प्रशासन में पूरी शक्ति आयेगी और फिर प्रशासन चुस्त होगा । सभापति जी, आप बार-बार घण्टी बजाते जा रहे हैं, इसलिए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं । मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया ।

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा): सभापति महोदय, मैं श्रम मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं । जब से माननीय मंत्री जी ने इस विभाग का कार्य-भार संभाला है, तब से इसमें काफी सुधार लग रहा है । पहले ऐसा लगता था कि कोई इसका डिपार्टमेंट ही नहीं है । अब लगने लगा है कि कुछ-न-कुछ इसमें होने वाला है और मजदूरों के लिए सुधार होने वाला है ।

इन्होंने अपने छोटे से शासनकाल में जिस प्रकार का काम किया है, जिस प्रकार का सुधार लाने की कोशिश की है,

जिस प्रकार के कानून और कायदे लेबर की समस्याओं को दूर करने के लिए इस पार्लियामेंट के सैशन में लाने जा रहे हैं, वे निश्चित तौर पर स्वागतयोग्य है। सभापति जी, कांग्रेस की सरकार जब से इस देश में आई है, उसने मजदूरों के हितों में बहुत से कानून बनाए हैं। ये जितने इधर के बोलने वाले लोग हैं, ये शासक लोग हैं, शासन करने वाले हैं, इन्होंने कभी भी मजदूरों को आगे बढ़ाने का काम नहीं किया। आप देखिए---लेबर डिपार्टमेंट की जो रिपोर्ट है उस में कहा गया है कि वेस्ट बंगाल ने सब से ज्यादा "मैन-डेज" लास्ट किये हैं। अगर किसी ने सब से ज्यादा देश का नुकसान किया है तो वेस्ट बंगाल की सरकार ने किया है। उस सरकार ने ता० 19 को हड़ताल में शरीक हो कर इस प्रकार का नमूना पेश कर दिया जो दुनिया में आप को कहीं भी देखने का नहीं मिलेगा। दुनिया में कहीं भी ऐसा नहीं हुआ है कि उस जगह की सरकार ने हड़ताल कराई हो, लेकिन दुनिया में पहली मर्तबा वेस्ट बंगाल की सरकार ने किया। इसलिए मैं कहना चाहता हूं---इस देश में भी इस प्रकार के लोग रहते हैं जो इस इस देश को बिगाड़ने के सिवाय, देश को कमजोर बनाने के सिवाय कोई दूसरा काम इस देश में नहीं कर सकते। इस प्रकार के लोगों से देश को सतर्क रहने की आवश्यकता है, वरना ये लोग देश की दशा को बिगाड़ने में कोई कोर-कसर नहीं रखेंगे।

मैं मंत्री जी से निवेदन करूंगा---आप ता० 19 की हड़ताल को देखिए---इण्टक के सिवाय और कौन सी यूनियन थी जो हड़ताल में शामिल नहीं हुई। ए० आई० टी० यू० सी०, सी० टू०, या दूसरे जो भी संगठन हैं सब ने इस बात की कोशिश की कि देश की आर्थिक स्थिति को बिगाड़ा जाय, देश की शासन व्यवस्था को बिगाड़ा जाय जिस से यहां कोई सरकार कायम न रह सके। इन लोगों की करनी से इस बात का अन्दाज़ लगता है कि ये लोग जिस देशभक्ति की बात करते हैं उस में शकी-शुब्हा पैदा होता है, क्या ये लोग वास्तव में इस देश की भक्ति में विश्वास करते हैं? जब देश कमजोर होता है, देश का विघटन होता है, टुकड़े-टुकड़े होता है तो निश्चित तरीके से दुश्मन को अवसर मिलता है---देश की आजादी को बरबाद करने का, देश की स्वतन्त्रता खतरे में पड़ जाती है। इस प्रकार की स्थिति ये लोग लाने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए मैं आप से निवेदन कर रहा हूं कि इन लोगों से सावधान और सतर्क रहिए। इनको ज्यादा प्रोत्साहन न दें। ये लोग डण्डे के बल पर कहते हैं कि बेरिफिकेशन नहीं होना चाहिए, चुनाव होना चाहिए। चुनाव की बात ये क्या कहते हैं? इसलिए कि लाठी के ज़रिए, बन्दूक के जरिए, चाकू और छुरी के ज़रिये मजदूरों को डरा धमका कर उन के वोट प्राप्त कर के उन पर काबू करना चाहते हैं :.. (व्यवधान) ... कितने वर्षों से मजदूर उन स्थानों में विश्वास रखते चले आ रहे हैं, कितने वर्षों से चन्दा देते आ रहे हैं, कितने वर्षों से उस संस्था को पनपाने में अपना योगदान दिया है, उन संस्थाओं के सदस्यों से डण्डे के बल पर वोट प्राप्त कर के रिकगनोशन ले जायं, यह प्रजा तान्त्रिक तरीका नहीं है। गांधी जी का मुल्क अहिंसा की बात में विश्वास करता है और ये लोग उस व्यवस्था को बिगाड़ना चाहते हैं, हिंसक प्रवृत्ति को पैदा करना चाहते हैं। इस लिए मैं कहना चाहता हूं कि वेरीफिकेशन की जो हमारी सरकार की नीति है वह निश्चित तरीके से सही है, उस का हमें पुरज़ोर तरीके से समर्थन करना चाहिए। यदि हम उस चीज़ को कायम रखेंगे तो सारी चीजें, सारी व्यवस्था ठीक प्रकार से चल सकेगी। ये मार्क्सिस्ट कम्यूनिस्ट लोग जिस तरह की धारणा के ज़रिए इस देश की व्यवस्था को बिगाड़ना

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

चाहते हैं, इस देश के उत्पादन को कम करना चाहते हैं, इस देश को आर्थिक स्थिति को कमजोर करना चाहते हैं, हम को और ज्यादा गरीब बनाना चाहते हैं, उसका मौका इन को नहीं मिलना चाहिए ।

हमारे श्रम मंत्री महोदय इस वर्ष सदन में 10–12 नये कानून ला रहे हैं—वे कानून हैं :—

> "दि इण्ड्रस्ट्रीयल डिस्प्यूट्स एक्ट, ट्रेड यूनियन एक्ट, इण्डस्ट्रीयल एम्पलायमेण्ट एक्ट, हास्पिटल एजूकेशनल इन्स्टीचुशन एण्ड पेमेण्ट आफ ग्रैचुइटी एक्ट, इम्मिग्रेशन बिल, आयरन ओर एण्ड लबर वेलफेअर फण्ड बिल, मेंगनीज एण्ड लेबर वेलफेयर बिल, पेमेण्ट आफ़ वेजेज़ बिल, मिनिमम वेजेज़ अमेण्डमेण्ट बिल, लाइमस्टोन, डोलोमाइट बिल, आदि ।"

इस प्रकार कई कानून वे ला रहे हैं । इस में मैं दो तीन सुझाव देना चाहता हूं । एक मेरा सुझाव ग्रेचुएटी के सम्बन्ध में है

सभापति महोदय : मंत्री महोदय इस का जवाब देने वाले हैं । इसलिए मेरा निवेदन यह होगा कि आप सुझाव ही दें । और भी जो अन्य माननीय सदस्य बोलने वाले हैं, वह भी सुझाव ही दें, तो अच्छा होगा ।

श्री गिरधारी लाल व्यास : सभापति महोदय, मजदूरों से सम्बन्धित यहां पर बात नहीं करेंगे, तो फिर कहां जाएंगे । इसलिए आप हमें बोलने दीजिए ।

ग्रेचुयेटी के सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि मंत्री महोदय इस पर खास तौर से ध्यान दें । ग्रेचुएटी पहले 15 दिन की एक साल में मिलती थी । जो मजदूर 5 साल तक काम कर लेता था, उस को साल में 15 दिन की ग्रेचुएटी मिल जाती थी लेकिन अब कानून में परिवर्तन हो गया है । सुप्रीम कोर्ट ने एक फ़ैसला दिया है कि जो मजदूर साल में 240 दिन काम नहीं करेगा, उस का उस साल का ग्रेचुटी नहीं दी जाएगी । इस के अलावा एक साल में 13 दिन की ग्रेचुएटी कर दी है । पहले 15 दिन की ग्रेचुएटी हर साल मिलती थी लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट से इस प्रकार का फैसला हुआ है, जिस में इस को घटा कर 13 दिन की ग्रेचुएटी कर दी । इसलिए मैं मंत्री महोदय का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि मजदूर को साल में 15 दिन की ग्रेचुएटी मिलनी चाहिए और सुप्रीम कोर्ट ने जो फ़ैसला दिया है, उसको देखते हुए आप इस सम्बन्ध में कोई ऐसा माकूल कानून लाएं, जिस में इस प्रकार की व्यवस्था हो ।

एक बात और यह कहना चाहता हूं कि डोलामाइट और लाइमस्टोन के मजदूरों के लिए एक वेलफेयर एक्ट यहां पर लागू है । इसी प्रकार की चीज सोप-स्टोन के बारे में होनी चाहिए । सोप-स्टोन भी वैसे ही पत्थरों में से निकलता है । उस में भी उसी प्रकार के लेबर के कानून और कायदे लागू हैं और सैस भी आप ने लगाया है लेकिन वेलफेयर एक्टिविटीज का फ़ायदा उन को कुछ नहीं मिलता । इन्हीं पत्थरों में से वह निकलता है । इस-लिए मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि लाइमस्टोन और डोलोमाइट के साथ सोप-स्टोन को भी आप जोड़ दें, जिस से उन के लिए भी वेलफेयर एक्टिविटीज हो और इस में लगे लेबर को भी मजबूती

मिल जाए। अगर आप ने यह कर दिया तो इस से बहुत बड़ा फ़ायदा इन लोगों को मिलेगा। इस सम्बन्ध में भी आप को कुछ कदम उठाने चाहिएं।

एक बात की ओर और आप का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं और वह है पेमेण्ट आफ़ मिनीमम वेजेज एक्ट के बारे में। जो कांट्रेक्ट लेबर है, वह पेमेण्ट आफ़ मिनीमम वेजेज एक्ट के अन्तर्गत दावा नहीं कर सकता और इस तरह से उस को कुछ रिलीफ नहीं मिलता। जो रेगूलर मज़दूर हैं, उन को पेमेण्ट आफ़ मिनीमम वेजेज एक्ट के तहत फ़ायदा मिलता है, पेनेल्टी भी मिलती है और सब तरह के फ़ायदे मिलते हैं लेकिन कांट्रेक्ट लेबर के बारे में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। इस सम्बन्ध में आप को कोई कानून ऐसा बनाना चाहिए, जिस से कांट्रैक्ट लेबर को इन सब बातों का फ़ायदा मिल सके। इस प्रकार की व्यवस्था करने की बहुत बड़ी आवश्यकता है।

एक बात यह भी कहना चाहता हूं कि डिस्ट्रिक्ट लेबिल पर और स्टेट लेबिल पर जो आप के रीजनल लेबर कमिश्नरों के दफ्तर बने हुए हैं, वहां की व्यवस्था ठीक नहीं है। वे मज़दूरों के हिमायती न हो कर जो पैसे वाले खानों के मालिक हैं, उन के पक्ष की ही बात करते हैं। वहां पर जो आप के अधिकारी हैं, वे मज़दूरों के हितों की बात नहीं करते हैं। उन के सम्बन्ध में निश्चित तरीके से कोई ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे मज़दूरों को लाभ पहुंचे। मैं माइका की बात करता हूं। वहां पर वे लोग पूंजीपतियों की मदद करते हैं। जब हम कहते हैं कि मज़दूरों को पर्मानेन्ट बनाओ ताकि उन को फ़ायदा पहुंचे, तो ये जो आदमी आप ने वहां बैठा दिये हैं, ये पूंजीपतियों की मदद करते हैं। होता क्या है कि एक साल एक नाम, दूसरे साल दूसरा नाम और तीसरे साल तीसरा नाम रख दिया जाता है और इस तरह से वे कभी भी पर्मानेन्ट नहीं हो सकते। इस प्रकार के अधिकारी वहां पर बैठा दिये हैं, जो सारे के सारे गलत काम करते हैं। आपने वहां पर एक एसिसटेंट लेबर कमिश्नर बैठा दिया है। एक एल० ई० ओ० जिसको शायद लेबर इवैलुयेशन आफ़िसर बोलते हैं, बैठा दिया है। हमारे यहां भीलवाड़े का एक आर्बीट्रेशन का केस उस को सुपुर्द कर दिया। हमको वहां पर 7 रुपये सोप-स्टोन में मिलता था। उसने आर्बीट्रेशन में उसको 6 रुपये 65 पैसे कर दिया। जब 7 रुपये हमें मिल रहा था, तो हमारी लड़ाई ज्यादा के लिए चल रही थी लेकिन उसके बावजूद 6.65 रुपये आपने आफर किया, आपके डिपार्टमेंट ने आफर किया। यह एल० ई० ओ० जो है, उसके बजाए एसिसटेंट लेबर कमिश्नर आपने बनाया और हमारी छाती पर उसको रखा ताकि हमारे मज़दूरों का वह बराबर शोषण करता रहे। इस प्रकार की व्यवस्था वहां पर की गई है और मैं मंत्री महोदय का ध्यान इस तरफ़ दिलाना चाहता हूं।

आचार्य भगवान देव (अजमेर) : यह मामला बहुत गंभीर है और इस मामले में मैं इनको सपोर्ट करता हूं।

श्री गिरधारी लाल व्यास : दूसरा मेरा निवेदन एम्प्लाईज स्टेट इंश्योरेंस के संबंध में है। इसमें आपने बहुत प्रगति की है, बहुत काम किया है। मगर हमको इस से संतोष नहीं है। क्योंकि हमारे मज़दूरों को अच्छी-अच्छी दवाइयां नहीं मिलती हैं। डाक्टर लोग उनको घटिया किस्म की दवाइयां देते हैं और उससे उनकी बीमारी दूर नहीं होती है। उनको उनके मुआवजे का भी पूरा पैसा नहीं मिलता है। भीलवाड़ा

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

एक औद्योगिक केन्द्र है। वहां पर भी एक अस्पताल स्थापित होना चाहिए ताकि वहां के मजदूरों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

हमारे यहां मेवाड़ टेक्सटाइल मिल के ओनर सेठ सम्पतमल लोढा हैं। उनकी तरफ ई० एस० आई० का साढ़े तीन लाख रुपया बकाया है। उस पैसे की वसूली के लिए क्लैक्टर के पास से डिग्री भेजी जाती है लेकिन आप के सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की पूंजीपतियों से मिलीभगत होने के कारण पैसे की वसूली नहीं की जा रही है। इस तरह से वहां पर हालत खराब हो रही है। मैं आपसे मांग करता हूं कि आप इस पैसे को वसूल करके मजदूरों को फायदा दीजिए।

प्रोविडेंट फंड के संबंध में मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यह एक बहुत बड़ा महकमा है। माननीय वित्त मंत्री महोदय एल० आई० सी० को पांच टुकड़ों में बांट रहे हैं लेकिन जो प्रोविडेंट फंड का इतना बड़ा महकमा है जिसमें कि सात हजार करोड़ रुपये जमा हैं...

श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : सात नहीं।

श्री गिरधारी लाल व्यास : जितना भी जमा हो, उस पैसे की मजदूरों को दस-दस साल तक रसीद नहीं मिलती है। जब उसको इतने सालों तक रसीद नहीं मिलेगी तो वह कैसे शादी के लिए, बीमारी के लिए, मकान बनाने के लिए, बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्जा ले सकेगा। हमारे यहां जितनी भी मिलें या माइंस चलती हैं सभी में यह हालत है। मेवाड़ टेक्सटाइल मिल, भीलवाड़ा के मालिकों की तरफ बीस लाख रुपया प्रोविडेंट फंड का बकाया है। आपका डिपार्टमेंट उसे वसूल नहीं कर रहा है। वे बराबर हेराफेरी करते हैं। उसके मैनजिंग डायरेक्टर सेठ सम्पतमल लोढा से पैसा आज तक वसूल नहीं हुआ है। मैं बराबर दो साल से इस पार्लियामैंट में कहता आ रहा हूं मगर इसके संबंध में अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। ऐसे लोगों के खिलाफ 406 और 409 में सीधा केस बनता है लेकिन फिर भी कुछ नहीं किया जाता। इस संबंध में निश्चित तौर पर कुछ किया जाना चाहिए।

कैजुअल लेबर के संबंध में मैं माननीय श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। 180 दिन जिन मजदूरों ने काम कर लिया है उन मजदूरों को पूरी सुविधाएं मिलनी चाहिएं।

हमारे यहां राजस्थान सरकार के नीचे पब्लिक सेक्टर में मजदूर काम करते हैं और वहां प्राइवेट सैक्टर में भी मजदूर काम करते हैं। आप सभी को देख लीजिए। राजस्थान सरकार का चाहे पी० डब्ल्यू० डी० डिपार्टमेंट हो, चाहे इरीगेशन डिपार्टमेंट हो, चाहे वाटर वर्क्स डिपार्टमेंट हो, इलेक्ट्रिसिटी हो, इन सब में करीब एक लाख मजदूर हैं। जब 1972 में कांग्रेस सरकार थी तो यह निर्णय किया गया था कि जिस मजदूर को दो साल से ज्यादा काम करते हो गये हैं उसको परमानेंट कर दिया जाएगा। मगर जब 1980 में प्रेजीडेंट रूल आया तो उस डिसीजन को ताक पर रख दिया गया और इम्प्लीमेंट नहीं किया गया। इन डिपार्टमेंट में दस-दस साल से ज्यादा से लोग काम कर रहे हैं। न उनको स्थायी किया गया है और न उन्हें किसी प्रकार की सुविधाएं दी गयी हैं। इसलिए आपका निश्चित फर्ज बनता है कि आप राजस्थान सरकार से कहें कि पी० डब्ल्यू० डी० वाटर वर्क्स, बिजली विभाग और दूसरे विभागों में जिनमें कि कैजुअल वर्कर्स हैं और जो दो साल से काम कर रहे हैं उनको परमानेंट

किया जाय और उनको सारी सुख सुविधाएं दी जाएं।

इन शब्दों के साथ मैं मंत्रालय की अनुदान मांगों का समर्थन करता हूं।

सभापति महोदय : इस पर विचार विमर्श और आगे बढ़े, इसके पूर्व बहुत नमतापूर्वक निवेदन करूंगा कि अध्यक्ष की दृष्टि इस पर रहती है कि कितना समय है और कितने बोलने वाले हैं।

...अध्यक्ष अगर बार-बार समाप्त करने के लिए कहें और उसके निवेदन को अनसुना करते हुए बोलते चले जाएं तो कैसे काम चलेगा। इस प्रकार से कार्यवाही चलाना किसी के लिए भी संभव नहीं होगा। इसलिए मैंने नम्रतापूर्वक प्रार्थना करता हूं कि जो कोई भी इस आसन पर हो, जब तक आप माननीय सदस्यगण सहयोग प्रदान उसे नहीं करेंगे, तब तक वह गाड़ी नहीं चला सकता।

(व्यवधान)

आचार्य भगवान देव : हरिकेश जी खड़े हुए हैं, इन का विशेष ध्यान रखना आप।

सभापति महोदय :.. आप भी ध्यान रखें हां, श्री जटिया जी, आप 5 मिनट में अपनी बात कहिए।

श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव : सभापति महोदय, मेरा एक प्रस्ताव है। श्रम विभाग की मांगों पर चर्चा हो रही है और बहुत से माननीय सदस्य इस पर बोलना चाहते हैं। इसलिए मैं प्रस्ताव करता हूं कि एक घंटे के लिए समय बढ़ाया जाए।

सभापति महोदय : समय बढ़ाएंगे तब भी किसी तरह से पार तो लगे उसका प्रयास होना चाहिए।

श्री सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : सभापति जी, हम श्रम मंत्रालय की मांगों पर चर्चा कर रहे हैं। श्रम मंत्रालय सरकार के सभी प्रमुख मंत्रालयों का आधार है। मुझे यह कहते हुए बड़ा अचरज होता है कि सरकार के अन्दर श्रम मंत्रालय को उचित दर्जा नहीं दिया जाता। इसलिए मैं मांग करूंगा कि श्रम मंत्रालय की महत्ता को उचित रूप से आंका जाए।

आज देश भर में उत्पादन वर्ष की बात हो रही है।

"श्रम-एव-जयते" कहेंगे, "श्रमनू बिना न सिद्धयते"

यह बातें कहेंगे, लेकिन श्रम का सम्मान ठीक से न हो सके, श्रम मंत्रालय को ठीक से दर्जा न मिल सके तो यह औचित्यपूर्ण बात नहीं होगी।

सभापति जी, श्रम विभाग का हमारे देश में निश्चितरूप से बहुत महत्व रहा है, श्रम की आधारभूत मान्यता मानने वाला हमारा देश रहा है। हमारे देश में विश्वकर्मा की पूजा होती है। इसलिए श्रम की महत्ता को जानना, श्रमिकों को न्यायोचित अधिकार देना हम सब का कर्त्तव्य है।

श्रम विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग है। आज सारे हिन्दुस्तान में संगठित और असंगठित मजदूर हैं। सरकारी महकमों में, संस्थानों में हजारों लोग काम करते हैं जो संगठित क्षेत्र में हैं और खेतीहर मजदूर, ईंट के भट्टों पर काम करने वाले मजदूर, बाल श्रमिक हैं ठेकेदारों के यहां काम करने वाले मजदूर जो असंगठित क्षेत्र में हैं, उनको उचित हक नहीं दिया जाता। इसलिए मैं श्रम मंत्रालय से अनुरोध करूंगा कि इस ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

[श्री सत्यनारायण जटिया]

सरकार की नीति समय-समय पर बदलती रहती है। सरकार की मान्यता के आधार पर यूनियनें चलती हैं। सरकार और श्रम विभाग द्वारा जो नियम बनाये गए हैं, उनके आधार पर समय-समय पर यूनियनों को वाजिब मान्यता मिले, ऐसी बात होनी चाहिए। जो यूनियनें सरकार का समर्थन करती हैं, जैसे इंटक, उनकी बात ज्यादा सुनी जाए, ऐसी बात सरकार के अन्दर नहीं होनी चाहिए। ऐसी अवस्था में औद्योगिक अशांति पैदा होती है और ऐसी स्थितियां पैदा होती हैं जिनमें श्रम विभाग की मशीनरी ठीक से काम नहीं कर पाती। श्रम मंत्रालय के काम में अड़चनें भी बहुत आती हैं। बहुत से मंत्रालय इसके काम में हस्तक्षेप करते हैं और ठीक से काम नहीं करने देते।

बंबई की कपड़ा मिलों की हड़ताल के बारे में मैं नहीं कहना चाहता परन्तु वस्तुस्थिति सरकार जानती है। सरकार को यह मानकर नहीं चलना चाहिये कि इस क्षेत्र में शायद इंटक को मैदानी मान्यता प्राप्त नहीं होगी। जिन लोगों को मान्यता प्राप्त नहीं भी है उन सब लोगों को बुला करके उनके साथ बात कर के उस उद्योग को चालू किया जा सके इसकी कोशिश आपकी तरफ से होनी चाहिये। उत्पादन वर्ष में उत्पादन जारी रह सके यह आपको सोचना चाहिये और इसके आपको उपाय करने चाहिये।

उज्जैन में विनोद मिल बन्द पड़ी है। मिल मालिकों ने करोड़ों रुपये का गबन किया है, प्राविडेंट फंड मजदूरों का हज्म कर लिया है, करोड़ों रुपया उनको बिजली का देना बाकी है, पानी का पैसा उन्होंने नहीं दिया है। मजदूर आवाज उठाते हैं। उन पर दमन चक्र चलाया जाता है। इसके बारे में श्रम मंत्री जी से बार-बार निवेदन किया जा चुका है। मुझे लगता है कि श्रम मंत्रालय के पास कोई शक्ति नहीं है, उस का कोई जोर नहीं है, उसकी चलती नहीं है, उस में कुछ ताकत नहीं है और उसकी बात कोई मानता नहीं है। मेरा सुझाव है कि श्रम मंत्री को कैबिनेट स्तर का दर्जा दिया जाए और अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो इस विभाग को प्रधान मंत्री के अन्तर्गत कर दिया जाए। इससे इसका महत्व बढ़ जाएगा। इस मंत्रालय को महत्वपूर्ण मंत्रालय बनाया जाना चाहिये।

बोनस का मसला भी बहुत महत्वपूर्ण है। बोनस दे कर आप किसी पर कृपा नहीं करते हैं, यह आपकी अनुकम्पा का प्रतीक नहीं है। मजदूर का यह हक है। यह डैफर्ड वेज है, विलम्बित वेज है। यह हक उसको मिलना चाहिये। सभी वर्कर्ज को बोनस मिलना चाहिये। जितने भी श्रम करने वाले हैं मेहनतकश हैं उनको बोनस मिलना चाहिये। ईज वेज अर्नर शुड गैट बोनस।

रेल मंत्रालय, डाक तार आदि मंत्रालयों को आप लें। इन सब विभागों में काम करने वाले कर्मचारियों की परिस्थितियां अलग-अलग हैं। कहीं-कहीं दो-दो यूनियज हैं जिन को मान्यता मिली हुई है। उनकी बात को सुना जाता है और जहां मानना हो माना भी जाता है। लेकिन इनके अलावा रजिस्टर्ड यूनियज भी हैं जिन की बात को सुना ही नहीं जाता है। इतना ही नहीं कि सुना नहीं जाता बल्कि इस प्रकार से सक्युंलर भी इशू किए जाते हैं कि उनकी बात को सुना न जाए। ऐसी व्यवस्था में औद्योगिक क्षेत्र में कैसे शान्ति बनी रह सकती है, यह प्रश्न वाचक चिन्ह बना हुआ है।

बिना किसी भेदभाव के, मतभेदों के रहते हुए श्रम मंत्रालय को निष्पक्ष रूप से काम करना चाहिये और श्रम मंत्री को शक्ति इसको करने के लिए पहुंचाई जानी चाहिये, उन में क्षमता पैदा की जानी चाहिये कि वह स्वतंत्र रूप से काम कर सकें ।

माइका उद्योग को आप लें । उस में दो लाख मजदूर काम करते हैं । चालीस करोड़ से ज्यादा की इस उद्योग से फारेन एक्सचेंज की कमाई होती है । इस में काम करने वाले मजदूरों को पांच छः रुपये से अधिक मजदूरी नहीं मिलती है । इस पर आप ध्यान दें । औद्योगिक क्षेत्र में जो काम करते हैं, उनकी वर्किंग कंडीशंज के ऊपर आप ध्यान दें । प्रदूषित वायुमंडल में जो उनको काम करना पड़ता है, उसकी ओर आपका ध्यान जाना चाहिये । बिजली घरों की चिमनियों से राख निकलती है और उस राख के अन्दर मजदूरों का जीवन खाक हो जाता है । इस पर आप ध्यान दें । मंदसौर में स्लेट पैंसिल बनाने का काम चलता है । सिलीकोस नाम की बीमारी मजदूरों को इससे हो जाती है जो टी बी से भी अधिक भंयकर बीमारी है । उनके जीवन के लिए इससे खतरा पैदा होता है । मजदूरों के वेलफेयर पर आपको ध्यान देना चाहिये, उनके हितों की आपको ठीक प्रकार से देखभाल करनी चाहिये । यह आपसे अपेक्षा की जाती है ।

इस विभाग को मजबूत बनाया जाना चाहिये । जो यह मशीनरी है इसको समर्थ बनाया जाना चाहिये । निष्पक्ष रूप से यह काम कर सके, श्रमिकों और मेहनत-कशों के हित में काम कर सके, इस काबिल इसको बनाया जाना चाहिये, इस योग्य इसको बनाया जाना चाहिये । यही मेरा आप से निवेदन है ।

श्रीमती प्रमिला दण्डवते (बम्बई उत्तर मध्य) : सभापति महोदय, बहुत कम समय में मैं अपने विचार आपकी सेवा में रखूंगी ।

कांग्रेस आई को सत्ता में आए हुए 27 महीने हो गए । 27 महीने के जनता पार्टी के राज से हम इनकी तुलना कर सकते हैं । मैं आपका ध्यान रिपोर्ट नं० 1 के पीछे जो एक ग्राफ दिया गया है उसकी ओर दिलाना चाहती हूं । यह वर्कर्ज एजुकेशन के बारे में है । यह ग्राफ बताता है कि किस प्रकार से काम जनता पार्टी के राज में हुआ था और किस प्रकार से कांग्रेस आई के राज में हुआ है । यह एजुकेशन 1977 में 150,000 वर्कर्ज को मिल रही थी । 1979 तक उनकी संख्या बढ़ कर 290,000 हो गई । इसका मतलब यह हुआ कि 140,000 और वर्कर्ज को एजुकेट करने की, उनको ट्रेनिंग देने की कोशिश की गई । अब आपके राज में क्या हुआ । कुछ भी प्रोग्रेस नहीं हुई । लाइन ऐसे ही सीधी चली जा रही है । जितना हो रहा था उतना ही आज आपके राज में हो रहा है ।

टीचर्स ट्रेनिंग कोर्स की एजूकेशन के बारे में भी वही बात है । जनता पार्टी के राज में 1977 में, जो 38,000 टीचर्स की ट्रेनिंग का काम चल रहा था, वह 57,000 हो गया । इसका मतलब यह हुआ कि 19,000 ज्यादा लोगों को वर्कर्स को ट्रेनिंग का लाभ मिला और आपके राज में 57,000 से 61,000 हो गया, उसका मतलब कि 4,000 । अब आप ही तय कीजिये ।

जैसे आपके राज में कहा जाता है कि फारेन एक्सचेंज खत्म हो गई, लेकिन

जनता पार्टी के राज में फारेन एक्सचेंज 2300 करोड़ रुपये से 5300 करोड़ रुपये हो गई, लेकिन आपकी दृष्टि में 5300 करोड़ कम है ।

अभी हमारे पहले वक्ता भी कह चुके हैं कि हमारे आज के लेबर मंत्री जो आजाद साहब हैं, उनके बारे में यह आशा है कि वह बहुत काम कर सकेंगे, अगर उनको एक साल तक काम करने देंगे तो । क्योंकि पिछले 27 महीने में 5 मिनिस्टर बदल गये । मैं समझती हूं कि यह मिनिस्टर तो बदली के अन्दर हो गये हैं और इनको विदाउट नोटिस निकाल दिया जाता है । ये कुछ काम नहीं कर सकते हैं । जो आश्वासन यहां पर देते हैं उनके बारे में कुछ नहीं कर सकते हैं । पिछले साल तिवारी जी ने जो कुछ यहां कहा था, उसकी जिम्मेदारी आज के मिनिस्टर पर कैसे रहेगी ? मेरे ख्याल में कम-से-कम एक साल आप बने रहे, और एक साल के बाद जब हम मिलेंगे तो आप अपनी मिनिस्ट्री के बारे में आपने क्या किया है, वह बता सकेंगे ।

सभापति महोदय : आश्वासन तो सरकार की ओर से देते हैं ।

श्रीमती प्रमिला दंडवते : : सच्चे मायनों में

the Labour Ministry has become an irrelevant Ministry. Unfortunately, Mr. Bhagwat Jha A ad is holding charge of an 'irrelevant portfolio'.

एक माननीय सदस्य : यह इर्रेलेवेन्ट कैसे हो गया ?

श्रीमती प्रमिला दंडवते : क्योंकि इस प्रकार की हालत है । उनकी जिम्मेदारी नहीं है, यह हो गया । इसका कारण है कि यह दृष्टि है वर्कर की ओर देखने की ।

एमर्जेंसी के समय, जो अधिकार थे, बोनस इम्पाउन्ड कर दिया, सी०डी०एस० लगा दिया, वर्कर्स के सारे स्ट्राइक के अधिकार निकाल दिये, उनके कलैक्टिव वार्गेनिंग के अधिकार निकाल दिये गये, जनता पार्टी के आने के बाद इमीडिएटली उनको बोनस वापिस दे दिया गया, सी०डी०एस० दे दिया और कलैक्टिव वार्गेनिंग को औवलीगेटरी समझा गया । जब कलैक्टिव वार्गेनिंग कर के एग्रीमेंट होता है, तो वर्कर्स के को-आपरेशन से आप काम करना चाहते हैं ? वर्कर्स के लिये एसमा और एन एस ए आपने रखा है । यह आपको तय करना है ।

श्रम मंत्रालय में आप 95 परसेंट आफ लेबर फोर्स पर विचार करते हैं । 83 परसेंट आफ दी लेबर फोर्स अन-आर्गेनाइज्ड है, उसके लिये भी आपको बहुत कुछ कदम उठाने हैं ।

मैं जानती हूं कि आप कुछ करना चाहते हैं, लेकिन अगर करना है तो आपकी पहली ड्यूटी यह होनी चाहिये कि कि आप जो प्रोडक्टिविटी ईयर है, उसके लिये आप किस को इन्सैंटिव देना चाहते हैं, इंडस्ट्रियलिस्ट को या वर्कर्स को देना चाहते हैं ?

मैं आपको यह इसलिये बताती हूं, मि० दंडवते इस समय यहां नहीं हैं, जब जनता पार्टी का राज आया था, तो 1974 में जो रेलवे मजदूरों को निकाला गया था, उन सब को वापिस ले लिया गया । उस समय बजट के समय 89 करोड़ का सरप्लस बताया गया था,

लेकिन इन वर्कर्स के सहयोग से वह 126 करोड़ का सरप्लस हो गया । क्योंकि उस समय इस प्रकार की भावना बनी थी । वह जनता पार्टी के राज्य में बनाने की कोशिश हो रही थी ।

16.54 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

30 साल में हमारे आजाद देश में अन-आर्गेनाइज्ड रूरल सैक्टर के लिये कुछ नहीं हुआ है । जनता पार्टी के राज्य में पहली मीटिंग हो गई ट्राइपार्टेट, उसकी वजह से रूरल डैवलपमेंट में लेबर के बारे में कुछ कदम उठाये गये । स्पेशल कान्फ्रेंस हो गई, एक पर्मानेन्ट बाडी बन गई जिस की वजह से रूरल वर्कर्स के लिये एक ठोस कदम उठाने की कोशिश हो गई । आप आगे चलकर कुछ कर सकते हैं । लेकिन मैं पूछना चाहती हूं कि लेबर मिनिस्ट्री ने कौन से डिस्प्यूट में अपने कुछ काम किये हैं ?

27 महीने में जब कभी सवाल उठा तो स्टीफन साहब ने अपनी मिनिस्ट्री के बारे में कुछ सवाल हल करने की कोशिश की, लेबर मिनिस्टर नहीं थे, क्योंकि वह जगह पर बैठते नहीं हैं । उनको यहां से वहां, वहां से यहां भगा देते हैं । बेचारे लेबर मिनिस्टर क्या करें ?

एक माननीय सदस्य : वह बेचारे हो गये ?

श्रीमती प्रमिला दंडवते : लेकिन जनता पार्टी के राज्य में लेबर मिनिस्टर ने खुद डिस्प्यूट्स में काम किया और मैं आपको बताती हूं कि स्टील, कोल वगैरह में मजदूरों को 105 से 110 रुपये प्रति महीना ज्यादा तनख्वाह देने की व्यवस्था की गई ।

